**वैबसाइट/ई-मेल के माध्यम से**

सं.12015/22/2022- रा.भा.(त.क.)

राजभाषा विभाग

गृह मंत्रालय

(तकनीकी कक्ष)

एन.डी.सी.सी. II भवन

चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 13/12/2023 15

कार्यालय ज्ञापन

विषय: ग्लोबल अनुवाद डेटाबेस को सुदृढ़ करने के लिए अनुवाद टूल "कंठस्थ2.0" के माध्यम से दिनांक 01 नवंबर 2023 से 31 जुलाई 2024 के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के संबंध में।

दिनांक 16 अक्टूबर 2023 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार अनुवाद टूल "कंठस्थ2.0" के माध्यम से दिनांक 01 नवंबर 2023 से 31 जुलाई 2024 के दौरान ग्लोबल अनुवाद डेटाबेस को सुदृढ़ करने हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता हेतु **नियम संख्या 04** { प्रत्येक माह के दौरान ग्लोबल टीएम में कम से कम 2,000 टीएम अपलोड करने वाले प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता में सम्मिलित माना जाएगा ।} में आंशिक संशोधन करते हुए **माह नवंबर तथा दिसंबर के लिए न्यूनतम दर को हटाया जाता है तथा अन्य शेष माह के लिए इस दर को घटाकर 1,000 वाक्य प्रति माह किया जाता है।** शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

2. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)

भारत सरकार के उप सचिव

011-23438129

प्रति -

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग –अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता संबंधी कार्यालय ज्ञापन को अपने संबद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।
2. भारत सरकार के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा राष्ट्रीयकृत बैंको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता संबंधी कार्यालय ज्ञापन को अपने संबद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।
3. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता संबंधी कार्यालय ज्ञापन के बारे में अपने क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों,उपक्रमों,बैंकों,वित्तीय संस्थाओं तथा केंद्र सरकार के स्वामित्व में आने वाले विश्वविद्यालयों ,शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को बताएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।

4. कंठस्थ के सभी पंजीकृत प्रयोक्ताओं को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया नियमानुसार प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता करें।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
भारत सरकार के उप सचिव

"कंठस्थ प्रयोग संबंधी मुख्य बिन्दु"

- कंठस्थ 2.0 का URL www.kanthasth-rajbhasha.gov.in है।
- प्रयोक्ता पुस्तिका तथा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नो का संकलन कंठस्थ की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- संक्षिप्त प्रयोक्ता पुस्तक भी कंठस्थ की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- कंठस्थ में प्रोजेक्ट ,फोल्डर तथा फाइल के नाम में केवल वर्णमाला तथा संख्या को लिया जाता है तथा इसका पहला अक्षर वर्ण होना चाहिए। नाम के अंत में स्पेस नही होना चाहिए। प्रोजेक्ट व फोल्डर में अधिकतम वर्णो की संख्या 20 वर्ण तथा फाइल में अधिकतम वर्णो की संख्या 100 वर्ण तक ली जा सकती है। अधिकतम 20 MB तक के साइज की फाइल अनुवाद के लिए अपलोड की जा सकती है।
- यूजर द्वारा जब फाइल को एडिटर पेज पर अनुवाद के लिए खोला जाता है तो फाइल पर उपलब्ध डेटा वाक्यों में दिखाई देता है। क्योंकि सिस्टम फाइल में प्रयोग किए विशेष शब्द चिह्नों जैसे (लाइन विभाजन :/ प्रश्नवाचक चिह्न ? डॉट . तथा पूर्णविराम ।) के आधार पर फाइल को वाक्यो में विभाजित करता है।
- यूजर द्वारा कमिट किया गया कार्य टीएम के रूप में संरक्षित होता है जो प्रोजेक्ट तथा फोल्डर के आधार पर स्वत: ही निर्मित हो जाती है।
- यूजर द्वारा मेन्यू बार में show tm बटन की सहायता से उसके द्वारा किए गए कार्य को देखा जा सकता है तथा जांचकर्ता के माध्यम से ग्लोबल डेटा बेस में भेजा जा सकता है।
- जांचकर्ता द्वारा समीक्षा (Review) बटन की सहायता से प्राप्त टीएम की जांच कर उन्हे ग्लोबल टीएम में भेजा जा सकता है।
- स्रोत व लक्षित कॉलम दोनों ही एडिटेबल हैं। यूजर दोनों कॉलम में जिसमें भी सुधार की आवश्यकता हो, सुधार कर सकते है।

*********